हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

04 एसडीएम ने किया वॉटर फिल्टर प्लांट का औचक...



08 हाईटेंशन लाइन से उठी चिंगारी ने 50 एकड़ में ...





### खबर संक्षेप

## 9 माह के मासूम की मौत, पोस्टमार्टम कराया

**विदिशा।** शहर के एक परिवार की खुशियां उस समय मातम में बदल गईं जब 9 माह के मासूम बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। बच्चे के मामा बुंदेल सिंह ने बताया कि अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। परिजन शव को घर ले जाना चाहते थे, लेकिन डॉक्टरों ने मौत के कारण स्पष्ट न होने और जहर की आशंका के चलते पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी। इसके बाद परिजनों ने पीएम के लिए सहमति दी है। मामले की जांच जारी है।

## पारदी समुदाय के 22 बच्चों को मिला प्रवेश

**कुरवाई।** शासकीय सांदीपनि विद्यालय में खंड स्तरीय प्रवेश उत्सव आयोजित हुआ। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के विशेष प्रयासों से रूसिया ग्राम के पारदी समुदाय के 22 गरीब बच्चों को सर्वसुविधायुक्त विद्यालय में प्रवेश दिलाया गया। अब तक 1528 बच्चों का प्रवेश कुरवाई के सांदीपनि विद्यालय में किया जा चुका है। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में विधायक हरि सिंह सप्रे, एसडीएम मनीष जैन मौजूद रहे। विधानसभा संयोजक विनोद जैन और सीताराम सैनी ने भी विद्यार्थियों को मार्गदर्शित किया।

## विधायक ने किया विद्यार्थियों का सम्मान

**ग्यारसपुर।** संदीपनी विद्यालय में प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को पुरस्कार, प्रमाण पत्र व पुस्तकें वितरित कर सम्मानित किया। प्राचार्य ज्योति प्रकाश नेमा ने अतिथियों का स्वागत किया तथा 'प्रेरणा' पत्रिका का विमोचन हुआ। विधायक ने विद्यार्थियों को मेहनत से पढ़ाई कर क्षेत्र का नाम रोशन करने की प्रेरणा दी। इस दौरान अधिकारी, अभिभावक व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नटेरन में चना-मसूर उपार्जन केंद्र का शुभारंभ



**नटेरन।** प्राथमिक कृषक उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित, सेऊ (एफपीओ) द्वारा संचालित चना एवं मसूर उपार्जन केंद्र का शुभारंभ विधायक सूर्यप्रकाश मीना ने सरस्वती पूजन व दीप प्रज्वलन के साथ किया। तोल कांटे के पूजन उपरांत कृषक रवि धाकड़ और घनश्याम शर्मा से तौल प्रक्रिया प्रारंभ कराई गई। विधायक ने किसानों को गुणवत्तापूर्ण उपज उत्पादन के लिए प्रेरित किया। कृषि उपसंचालक के.एस. खपेड़िया ने बताया कि पहली बार एफपीओ को खरीदी केंद्र मिला है तथा उपज शासकीय गोदामों में भेजी जाएगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व किसान बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## नई व्यवस्थाः ई-विकास पोर्टल से टोकन लेने के बाद ही मिलेगा उर्वरक

**विदिशा।** किसानों की सुविधा के लिए जिले में उर्वरक वितरण की नई व्यवस्था लागू की गई है। अब किसानों को 'ई-विकास पोर्टल' से टोकन बुक कर निर्धारित केंद्र से खाद प्राप्त करना होगा। पोर्टल तकनीकी कारणों से चार दिनों से बंद था, जो 1 अप्रैल से पुनः शुरू हो गया है। बिना पंजीयन के ऑफलाइन उर्वरक नहीं मिलेगा। इसके लिए भारत सरकार के एग्री स्टेक पोर्टल पर फार्मर आईडी अनिवार्य है, जिसमें भूमि का रकबा दर्ज होना चाहिए। पात्रता रकबे के अनुसार तय होगी। जिन किसानों ने आईडी नहीं बनवाई या रकबा अपडेट नहीं कराया है, वे शीघ्र प्रक्रिया पूर्ण करें।

### रंगई मंदिर पर तैयार किया अंजनी लोक, आज 2 लाख श्रद्धालु पहुंचेंगे

# विवेकानंद चौराह से रंगई गणेश मंदिर तक सिर्फ दर्शनार्थियों को ही प्रवेश दिया जाएगा

***हनुमान प्रकटोत्सव के अवसर पर प्राचीन हनुमान मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए एक दिन के लिए यातायात विभाग द्वारा मार्ग डायवर्ट किए गए हैं। रंगई मंदिर में श्रद्धालुओं की अत्यधिक संख्या को देखते हुए आज विवेकानंद चौराहे से लेकर रंगई मंदिर, बाढ़ वाले गणेश मंदिर तक चार पहिया और भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक रहेगी सिर्फ श्रद्धालुओं को ही जाने दिया जाएगा। शहर के विभिन्न मंदिरों में आज धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।***



**प्रतिबंधित मार्ग :** विवेकानंद चौराह से रंगई गणेश मंदिर तक जाने वाले मार्ग पर केवल दर्शनार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। सभी प्रकार के चार पहिया वाहन, यात्री वाहन एवं भारी वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। पुलिस ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे निर्धारित ट्रैफिक व्यवस्था का पालन करें। यह व्यवस्था केवल एक दिन के लिए है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी आज गुरुवार को रंगई हनुमान मंदिर में हनुमान जन्म महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाएगा।

बैंकॉक के पेरिस्कोप से 30 फीट ऊपर से गर्भ गृह तक सूर्य की किरणें पहुंचाकर हनुमान जी महाराज का सूर्यतिलक किया जाएगा। गर्मी को देखते हुए 500 मीटर में मैट बिछाई जाएगी। मंदिर के महंत विशंभर दास महाराज ने बताया कि दोपहर 12 बजे रत्न जड़ित हीरे पर सूर्य की पहली किरण पड़ेगी। 500 मीटर के मार्ग पर 50 ऐसे स्तंभ लगाए गए हैं जो धनुष तिलक की आकृति के हैं। रंगई मंदिर पर आज करीब 2 लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है। करीब सात लाख रुपए की लागत से रंगई मंदिर पर अंजनी लोक का निर्माण किया गया है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा एवं शहर में सुचारू यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से विदिशा पुलिस द्वारा सुबह 5 बजे से विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया जा रहा है। इसके अलावा प्राचीन बेहरा बाबा घाट मंदिर, महल घाट स्थित हनुमान मंदिर पर भी धार्मिक आयोजन होंगे।

### अग्रवाल एकेडमी से होते हुए बायपास से निकलेंगे भारी वाहन

भोपाल से विदिशा की ओर आने वाले समस्त भारी वाहन अग्रवाल एकेडमी से बाईपास होते हुए मिर्जापुर मार्ग से शहर में प्रवेश करेंगे। वहीं अशोकनगर-गुना की ओर जाने वाले भारी वाहन सांची से ढोलखेड़ी मार्ग होते हुए अपने गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। सांची-भोपाल की ओर आने-जाने वाले सभी यात्री वाहन एवं चार पहिया वाहन सुबह 5 बजे से बायपास मार्ग का उपयोग करेंगे। ये वाहन सोठिया बायपास, आशीष मंगल वाटिका एवं अहमदपुर बाईपास से होकर सांची-भोपाल मार्ग पर आवागमन कर सकेंगे।

### सिद्धेश्वरी हनुमान मंदिर में चांदी का मुकुट और आभूषण चढ़ाए

धर्माधिकारी चौक किलेअंदर स्थित सिद्धेश्वरी हनुमान मंदिर पर भगवान को चांदी का मुकुट एवं अन्य आभूषण अर्पित किए गए। बुधवार को बालाजी मंदिर से पालकी में आभूषण रखकर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। पुजारी श्रीराम लोकरे शास्त्री ने विशेष पूजा-अर्चना कराई। इसके बी भगवान को मुकुट और आभूषण अर्पित किए गए। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### आज स्कंद माता मंदिर से निकलेगी झंडा यात्रा, शाम को सुंदरकांड पाठ

**विदिशा।** हनुमान जन्मोत्सव पर आज गुरुवार को बस स्टैंड स्थित स्कंद माता मंदिर के पास से सुबह 9 बजे मालवीय रजक समाज द्वारा भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गांधी चौक, माधवगंज, निकासा और तिलक चौक होते हुए खाई रोड स्थित झंडे वाले दादाजी हनुमान मंदिर पहुंचेगी। दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक भंडारा व प्रसादी वितरण होगा। शाम 6 बजे संगीतमय सुंदरकांड एवं भजन संध्या होगी।

### बहरा बाबा घाट सिद्ध पीठ पर होंगे धार्मिक आयोजन

**विदिशा।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर आज गुरुवार को प्राचीन सिद्ध स्थान हनुमान मंदिर बहरा बाबा घाट सिद्ध पीठ पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः सूर्य की पहली किरण के साथ प्रधान पुजारी पं. शिवरामदास महाराज अंजनीलाल की आरती करेंगे। पं. सुरेश शर्मा शास्त्री वैदिक रीति से अभिषेक संपन्न कराएंगे तथा 51 किलो लड्डू का प्रसाद वितरित होगा। मध्यान्ह में राजभोग और सायंकाल महाआरती के बाद पं. गिरधर गोविंद प्रसाद शास्त्री द्वारा महाभिषेक किया जाएगा। अंत में भजन संध्या होगी।

# किसानों पर फिर बरसा कुदरत का कहर, कई गांवों में हुई ओलावृष्टि

**विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने अधिकारियों को तत्काल निरीक्षण करने के निर्देश जारी किए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा/ नटेरन

बुधवार शाम को जिले के कई गांवों में फिर से ओलों का कहर बरस गया। शमशाबाद तहसील के ग्राम परस परसोरा, देवखजूरी, कोलिंजा, संकलखेड़ा, छापखेड़ा सहित आसपास के कई ग्रामों में भारी तबाही हुई।

बुधवार की शाम करीब 4 तेज गर्जना और कड़कती बिजली के बीच हुई बारिश और ओलावृष्टि ने क्षेत्र के कई गांवों में पकी-पकाई फसलों को पूरी तरह जमींदोज कर दी। ओलों का आकार इतना बड़ा था कि कुछ ही मिनटों में खेतों से लेकर सड़कों तक बर्फ की सफेद चादर बिछ गई। प्रकृति के इस उग्र रूप ने किसानों के साल भर के अरमानों को चकनाचूर कर दिया है। परस परसोरा की किसान जसवंत सिंह रघुवंशी ने बताया की करीब 4 बजे तेज हवा के साथ बेर से भी बड़े आकार के ओले गिरे। कुछ ही मिनटों में खेतो और घरों पर सफेद चादर सी नजर आने लगी और फसलों को तो भारी नुकसान हुआ है फसल पकी हुई खड़ी थी। शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को तत्काल प्रभावित गांवों में पहुंचकर नुकसान का सर्वे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि आज राजस्व अमला गांव-गांव पहुंचकर फसलों की क्षति का आकलन करेगा , ताकि जल्द से जल्द पीड़ित किसानों को उचित राहत प्रदान की जा सके।



**गुलाबगंज क्षेत्र में बारिश के साथ ओलों की मार**
गुलाबगंज क्षेत्र में बरसात के साथ ग्राम बर्रीघाट, अंडिया धतुरिया, रुसल्ली, मानपुर आदि गांवों में ओलों से किसानों की खड़ी फसल में नुकसान हुआ है। इस बिन मौसम की बरसात की वजह से किसानों की सालभर की मेहनत और लागत पानी में मिल गई।

# शहर में प्राइवेट कंपनी करेगी घर-घर से कचरा कलेक्शन

**विधायक मुकेश टंडन ने हरी झंडी दिखाकर वाहनों को किया रवाना, प्राइवेट एजेंसी को सौंपी जिम्मेदारी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर का कचरा एकत्रित करने के लिए अब नई व्यवस्था शुरू की गई है। अब तक नगरपालिका के कर्मचारी डोर टू डोर कचरा कलेक्शन करने आते थे, लेकिन अब इसका ठेका एक निजी एजेंसी को दिया गया है। प्रतिदिन और समय पर कचरा कलेक्शन हो इस उद्देश्य से यह व्यवस्था लागू की गई है।

नगरपालिका ने प्राइवेट एजेंसी से अनुबंध किया है। बुधवार को नगरपालिका में विधायक मुकेश टंडन एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश शर्मा ने कचरा वाहनों का पूजन-अर्चन कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर वार्डों के लिए रवाना किया। विधायक मुकेश टंडन और सीएमओ दुर्गेश ठाकुर ने कचरा संग्रहण कर्मचारियों को निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।

विधायक ने प्राइवेट एजेंसी से कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना प्राथमिकता होनी चाहिए। नई तकनीक के तहत यदि किसी वार्ड में कचरा वाहन किसी घर तक नहीं पहुंचता है तो इसकी सूचना तत्काल नपा को प्राप्त होगी और तुरंत वाहन भेजा जाएगा।

# पहले दिन प्रवेशोत्सव में छात्राओं को साइकिल व पाठ्यपुस्तकों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शेरपुरा स्थित शासकीय कन्या स्कूल में नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत के लिए प्रवेशोत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष गीता कैलाश रघुवंशी ने छात्राओं को तिलक लगाकर एवं पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर प्राचार्य सीमा सक्सेना ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। साथ ही मुख्य अतिथि द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तकों एवं साइकिलों का वितरण किया गया। अभिभावकों ने भी कार्यक्रम की सराहना की। हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।




## 7 महीने से वेतन नहीं मिलने पर कर्मचारियों ने जताया विरोध, सरकारी अधिग्रहण की मांग उठी

**विदिशा।** एसएटीआई पॉलिटेक्निक के कर्मचारियों ने 7 माह से वेतन न मिलने पर रोष जताया है। कर्मचारियों का कहना है कि पिछले कई वर्षों से वेतन भुगतान में अनियमितता बनी हुई है और अब पिछले 7 महीनों से उन्हें कोई वेतन प्राप्त नहीं हुआ है। बार-बार ज्ञापन और अनुरोध देने के बावजूद प्रबंधन की ओर से न तो भुगतान की ठोस व्यवस्था की गई और न ही स्थायी समाधान बताया गया। कर्मचारियों के अनुसार वेतन न मिलने से उनके परिवारों पर आर्थिक संकट गहरा गया है। दैनिक जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई तक प्रभावित हो रही है। साथ ही संस्थान का शैक्षणिक वातावरण भी अव्यवस्थित होता जा रहा है। कर्मचारियों ने संस्थान के सरकारी अधिग्रहण की मांग उठाते हुए कहा कि इससे वेतन नियमित हो सकेगा और संचालन सुचारू होगा। उन्होंने प्राचार्य से शीघ्र सकारात्मक पहल करने की अपील की है।

# दो लाख रु. की चोरी का खुलासा 3 आरोपी गिरफ्तार, नगदी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

नटेरन थाना क्षेत्र के मरखेड़ा गांव में हुई 2 लाख 7 हजार की चोरी की का पुलिस ने खुलासा करते हुए 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी एवं चोरी किया गया मोबाइल बरामद किया है।

एक मार्च को फरियादी योगेश दांगी (26) निवासी ग्राम मरखेड़ा ने थाना नटेरन में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 28 फरवरी की रात अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और दीवान व अलमारी में रखी 2 लाख 7 हजार नगदी तथा एक रेडमी नोट 7 प्रो मोबाइल चोरी कर लिया। पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदेही प्रदुम्न मीणा से पूछताछ की गई, जिसने अपने साथी तनवीर मीणा और बब्लू भोई के साथ मिलकर चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपियों के पास से 15 हजार नगदी एवं रेडमी मोबाइल जब्त किया गया।

## 30 साल पुराने प्लॉट व पारिवारिक विवादों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा


एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर गठित पुलिस पंचायत की साप्ताहिक बैठक हुई। एक प्रकरण में सीनियर सिटीजन ने बताया कि उन्होंने लगभग तीस साल पहले 20×40 का प्लॉट खरीदा था और मकान बनाकर रह रहे हैं। बिजली बिल आदि नियमित रूप से भर रहे हैं, लेकिन रजिस्ट्री अभी तक नहीं हुई। पंचायत में यह निर्णय लिया गया कि संबंधित कागजात खोजकर शीघ्र अति शीघ्र रजिस्ट्री कराई जाए।

दूसरे मामले में करारिया क्षेत्र के एक सीनियर सिटीजन दंपत्ति ने बताया कि उनके बेटे के मध्य जमीन का बटवारा तीन वर्ष पहले किया गया था। छोटे बेटे द्वारा कम जमीन मिलने की शिकायत पर उन्हें फसल काटने की अनुमति नहीं दी जा रही थी। पंचायत ने समझाइश दी कि माता-पिता अपनी मर्जी से वसीयत बदल सकते हैं और बच्चों में वितरण कर सकते हैं। विवाद होने पर पुलिस की सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

सीनियर सिटीजन महिला ने अपने पोते की पत्नी और परिजनों द्वारा परेशान किए जाने की शिकायत की। सुनवाई में दोनों पक्षों के बयान लिए गए। पंचायत ने मारपीट की घटनाओं को देखते हुए न्यायालयीन कार्रवाई हेतु निर्देशित किया।

### शादी-ब्याह में आने वाली बारात को भी पहले ही बता दिया जाता है नियम

# जटपुरा गांव में 400 साल पुरानी परंपरा, हनुमान जी की पीछे से पूजा करती हैं महिलाएं, गांव में मांस-मदिरा पूरी तरह प्रतिबंधित



***शमशाबाद तहसील के 500 लोगों के एक गांव में आज भी हनुमान जी का घोंटा चलता है। गांव में मांस मदिरा पीने वालों को दंड भुगतना पड़ता है। इसलिए गांव में मांस मंदिरा कई सालों से प्रतिबंध है।***

ईश्वरी भार्गव ⏭ शमशाबाद

शमशाबाद से लगभग 4 किमी दूर स्थित जटपुरा गांव अपनी अनोखी धार्मिक परंपराओं और सख्त सामाजिक अनुशासन के लिए जाना जाता है। करीब 400 वर्ष पुरानी इस परंपरा का पालन आज भी पूरे गांव में सख्ती से किया जा रहा है। गांव के मुकद्दम दौलत सिंह गुर्जर और पटेल परिवार के रूप सिंह गुर्जर ने बताया कि लगभग 250 वर्षों से उनके परिवार द्वारा इस मर्यादा का पालन कराया जा रहा है। गांव में मांस और मदिरा का सेवन पूर्णतः प्रतिबंधित है। शादी-ब्याह में आने वाली बारात को भी पहले ही इस नियम की जानकारी दे दी जाती है। ग्रामीणों का मानना है कि नियम तोड़ने पर दुष्परिणाम भुगतने पड़ते हैं।

### नियम तोड़ने पर दुष्परिणाम भुगतना पड़ता है

ग्रामीणों के अनुसार एक बार एक परिवार ने इस परंपरा का उल्लंघन किया था, जिसके बाद उनके परिवार में लगातार मृत्यु होने लगी। भय और आस्था के चलते वह परिवार गांव छोड़कर चला गया। तब से नियम का और अधिक सख्ती से पालन हो रहा है। मंदिर पुजारी विष्णु भार्गव के अनुसार, मीणा समाज के छानबाड़ गोत्र के पटेल द्वारा बावड़ी, राम-जानकी और हनुमान मंदिर का निर्माण कराया गया था। बाद में ग्वालियर के पास एराह गांव से आए लक्ष्मण प्रसाद और रघुनाथ सिंह भार्गव के वंशज आज भी पूजा-अर्चना कर रहे हैं। गांव में लगभग 500 लोग निवास करते हैं। महिलाओं द्वारा हनुमान जी के समक्ष पीछे से पूजा करने और केवल पुजारी द्वारा चोला चढ़ाने की परंपरा आज भी कायम है।

# गस्तः जिलेभर में एक साथ 720 ठिकानों पर पुलिस ने दी दबिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

31 मार्च की रात पुलिस ने जिलेभर में मेगा नाइट कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाया। एसपी रोहित काशवानी के नेतृत्व में जिलेभर के 720 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी गई।

इस विशेष अभियान में जिले के सभी थाना क्षेत्रों से कुल 340 पुलिस अधिकारी-कर्मचारी शामिल हुए। 5 एसडीओपी और 23 थाना प्रभारी स्वयं फील्ड में मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व करते रहे। कार्रवाई के दौरान कुल 292 वारंटों का निष्पादन किया गया। इनमें 28 स्थायी वारंट, 93 गिरफ्तारी वारंट तथा 171 जमानती वारंट शामिल हैं। एक ही रात में इतनी बड़ी संख्या में वारंट तामील होना पुलिस की सक्रियता को दर्शाता है।

### होटल ढाबों सहित 30 डेरों पर की गई चेकिंग

अभियान के तहत 8 जिलाबदर व्यक्तियों की जांच की गई, 116 हिस्ट्रीशीटरों को रडार पर रखा गया तथा 199 गुंडा-बदमाशों के ठिकानों पर दबिश दी गई। इसके अलावा 75 होटल-ढाबों और 30 डेरों की चेकिंग कर संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी गई। वहीं अवैध शराब के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई करते हुए 15 प्रकरण दर्ज किए गए, 16 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा 66 .42 लीटर अवैध शराब जप्त की गई। एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध या अवैध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा बनी रहे।

## खबर संक्षेप

### बजरंगदल आज निकालेगा शोभायात्रा



**गंज बासौदा।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी पवनसुत हनुमान के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा शोभायात्रा निकाली जायेगी। यह शोभा यात्रा 2 अप्रैल को शाम 5 बजे राम जानकी मंदिर गांधी चौक से प्रारंभ होकर नगर सदर बाजार, सावरकर चौक, हनुमान चौक, जय स्तंभ चौक से स्टेशन मेन रोड होते हुवे रेलवे स्टेशन के पास स्थित हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी। शोभा यात्रा में सुसज्जित रथ पर पवन पुत्र हनुमान जी की झांकी सजाई जायेगी एवं महाशक्ति अखाड़े के पहलवान अपनी कलाओं का प्रदर्शन करेंगे, भजन गायक भजनों की प्रस्तुति देंगे। विश्व हिन्दू परिषद के जिला मंत्री अभिषेक शर्मा ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं से शोभा यात्रा में शामिल होने का आग्रह किया है।

### बाउंड्रीवॉल के अधूरे निर्माण से परेशानी

**गंजबासौदा।** ग्राम बीलाढाना के शासकीय स्कूल की बाउंड्री वॉल लंबे समय से अधूरी और क्षतिग्रस्त पड़ी है। स्कूल की बाउंड्री वॉल का निर्माण 14 लाख 92000 रुपए की लागत से हुआ है लेकिन बाउंड्री वॉल निर्माण अधूरा पड़ा हुआ है, बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूर्ण न होने के कारण स्कूल के आसपास गंदगी पड़ी रहती है। जिससे छात्रों को विद्यालय आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्कूल का रिजल्ट 67% बना है, मगर बच्चों को खेलने के लिए ग्राउंड नहीं है, इस ओर शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं। कुछ जगह से यह अधूरी पडी बाउंड्री वॉल क्षतिग्रस्त भी हो चुकी है।

# मार्केटिंग सोसायटी पर चना, मसूर खरीदी केंद्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को गंजबासौदा में मार्केटिंग सोसायटी द्वारा संचालित मार्कफेड गोदाम परिसर जीवाजीपुर पर चना मसूर समर्थन मूल्य खरीदी केंद्र का शुभारंभ विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा मौजूद उप आयुक्त विदिशा, कृषि विभाग गंजबासौदा एवं मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक की मौजूदगी में तौल कांटों का पूजन कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि कृषक एवं अधिकारी कर्मचारी को शासन की योजना समर्थन मूल्य का लाभ दिलाने हेतु उपार्जन केंद्र का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम में उपायुक्त सहकारिता ध्रुव कुमार झारिया, कृषि विभाग से थानेश्वर सिंह, मार्कफेड के इरशाद खान, मार्केटिंग सोसायटी प्रबंधक प्रमोद रघुवंशी सहित स्टॉफ, कृषक, हम्माल, तुलावट आदि मौजूद रहे।

## रानी लक्ष्मीबाई उद्यान का भी लिया जायजा, व्यवस्थाओं पर जताया संतोष

# एसडीएम ने किया वॉटर फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





बुधवार को एसडीएम अनुभा जैन ने बेतवा नदी के नौलखी घाट स्थित वॉटर फिल्टर प्लांट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने बेतवा नदी पर बने डेम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि आने वाले गर्मी के मौसम में जल आपूर्ति होती रहेगी, बेतवा नदी में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध है। तत्पश्चात वॉटर फिल्टर प्लांट का भी निरीक्षण किया। इस दौरान प्लॉंट पर उपयोग किए जा रहे ब्लीचिंग पाउडर और फिटकरी की जांच की तथा पेयजल की गुणवत्ता को देखा और संतोष व्यक्त किया। साथ ही साफ सफाई व्यवस्थाओं को देखकर सराहना की।

इसके बाद एसडीएम,नपा अमले के साथ रानी लक्ष्मीबाई पार्क पहुंची जहां पूर्व में लगभग 350 पौधे लगाए गए थे, जो आज वृक्ष के रूप में बढ़ते जा रहे हैं, उनका निरीक्षण किया। पार्क को देखकर एसडीएम द्वारा संतोष व्यक्त किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नगरपालिका इंजीनियर मोहिनी कोरी, जल शाखा के प्रभारी सुनील यादव, मयंक टांक सहित नगरपालिका अमला मौजूद रहा। यहां उल्लेखनीय है कि नगरपालिका अध्यक्ष शशि अनिल यादव के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद द्वारा नगरहित में सौंदर्यीकरण से लेकर चौड़ी सड़कें, सीसीकरण, नाला निर्माण, पेयजल की उचित व्यवस्था, वॉटर फिल्टर प्लांट एवं टंकियों की समय समय पर साफ, सफाई व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर के मुख्य मार्गों से अतिक्रमण हटाकर सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। मुख्य सड़कों के दोनों ओर सीसीकरण कर नाला निर्माण कार्य जारी है। बरेठ रोड, त्योंदा रोड, स्टेशन रोड पर सड़क बीच डिवाडर बनाकर आकर्षक लाइटिंग की जा रही है। जिससे सड़कों की सुंदरता बढ़ गई है। वहीं नवीन बायपास मार्गों से भी लोगों को काफी राहत मिल रही है।

# शराब दुकान हटाने दिया धरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मंगलवार से रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर नगर के युवाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। जो दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रहा। धरना दे रहे युवाओं का कहना है कि शराब दुकान एक व्यस्त क्षेत्र में स्थित है।

इसके पास ही प्राचीन श्री राम जानकी, हनुमान मंदिर है, जहाँ श्रद्धालुओं का लगातार आना-जाना रहता है। साथ ही, समीप ही रेलवे स्टेशन होने के कारण महिलाओं और नागरिकों को आवागमन में कठिनाई होती है। धरने में शामिल युवाओं ने बताया कि शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कई बार प्रशासनिक अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं। पूर्व में भी धरने किए गए, लेकिन अभी तक दुकान नहीं हटाई गई। अधिकारियों का कहना था कि वर्तमान टेंडर के कारण दुकान को तुरंत हटाया नहीं जा सकता। अब अप्रैल में नए टेंडर के माध्यम से शराब दुकानें संचालित होगी। इसी को देखते हुए नगर के जागरूक नागरिक पहले से ही दुकान के बाहर धरने पर बैठे हैं। धरना दे रहे युवाओं का कहना है कि जब तक शराब दुकान नहीं हटती, तब तक धरना जारी रहेगा और उनका उद्देश्य महिलाओं और श्रद्धालुओं को होने वाली परेशानी को रोकना है।

# सेन समाज धर्मशाला में बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

बुधवार को सेन समाज धर्मशाला बरेठ रोड पर समाज की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेन समाज विकास संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रामरतन सेन ने की। बैठक में सेन जयंती को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक उपरांत श्रदांजलि सभा का आयेजन किया गया। जिसमें वरिष्ठ समाज सेवी पूर्व मंदिर समिति अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा नेता अनिल सेन को भावपूर्ण श्रदांजलि दी गई। आयोजन में पधारे सभी वरिष्ठ समाज जनों का स्वर्गीय अनिल सेन के पुत्र नरेन्द्र सेन और मंदिर समिति अध्यक्ष शिवनारायन सेन ने आभार व्यक्त किया। जिसमें रूपेन्द्र शर्मा गुड्डा, सत्यप्रकाश सेन, ओमकार रघुवंशी, नारायण प्रसाद सोनी, देवेन्द्र खटीक, वीरेंद्र रघुवंशी ने अपने विचार साझा किए। एल्डरमेन राधेश्याम सेन और अन्य साथी एवं संगठन के सभी लोग उपस्थित हुए।

# किसान के रुपए चुराने वाले नाबालिग सहित दो आरोपी पकड़ाए, एक फरार, पूरी राशि हुई बरामद, अड़ीबाजी का आरोपी भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



पिछले दिनों अंबानगर में एक किसान के ट्रैक्टर की डिग्गी में रखे रूपए चुराने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई पूरी राशि बरामद कर ली है। उल्लेखनीय है कि गत 25 मार्च को किसान पप्पू राठौर ने मंडी में 56 क्विंटल मसूर 7430 रुपए प्रति क्विंटल के भाव से बेचा था। कुल 4 लाख 18 हजार 540 रुपए प्राप्त हुए, जिसमें से 18 हजार रुपए उन्होंने अपनी जेब में रखे और बाकी चार लाख रुपए ट्रैक्टर के टूल बॉक्स में रख लिए थे। अंबानगर में पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर खडा करने के बाद अज्ञात चोरों ने टूलबाक्स का ताला तोडकर राशि चुरा ली थी। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं एसडीओपी शिखा भल्लावी के मार्गदर्शन में थाना देहात बासौदा पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई शुरू की। पुलिस टीम ने करीब 250 सीसीटीवी कैमरों की जांच की और तकनीकी साक्ष्यों व मुखबिर की मदद से आरोपियों की पहचान की। पूछताछ में आरोपियों ने पेट्रोल पंप पर ट्रैक्टर ट्रॉली के टूल बॉक्स का ताला तोड़कर चोरी करना स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कवीर सिसोदिया 29 वर्ष, निवासी जाटखेड़ी, जिला राजगढ़, एक विधि विरुद्ध बालक 11 वर्ष, एक अन्य आरोपी जो अभी फरार है। पकडे गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 4,18,540 की पूरी रकम बरामद कर ली। इस मामले में थाना देहात बासौदा में आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में निरीक्षक मनोज दुबे, एसआई मनोज तिवारी सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### पुलिस ने अड़ीबाजी के आरोपी को किया गिरफ्तार

गंज बासौदा। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में सिटी थाना प्रभारी संजय वेदिया ने टीम गठित कर अड़ीबाजी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 30 मार्च को फरियादी पुष्पेंद्र पंथी उम्र 27 साल निवासी वार्ड नंबर 7 ने आरोपी देवेंद्र अहिरवार उर्फ निब्बू निवासी रविदास कालोनी द्वारा अड़ीबाजी करने एवं मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी को पकडकर आदतन अपराधी होने से उसका जुलूस निकाला एवं आरोपी को न्यायालय पेश कर जेल भेज दिया।

# गुरू को अपने शिष्य को सफल देखकर प्रसन्नता होती है: आचार्य



**गंजबासौदा।** बुधवार को शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी मे बालक बालिकाऔ को तिलक लगाकर , पुष्प मालाऔ को पहनाकर, प्रतिभावान बच्चों को पुरूस्कृत कर व बच्चो को कक्षोन्नत क्लास की किताबे देकर , विशेष मध्याह्न भोजन परोस कर नवीन सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षाविद पं मोहन दुबे आचार्य ने कहा जैसै किसान को अपने लहलहाते खेत देखकर खुशी मिलती है वैसै ही हर गुरू को अपने शिष्य की सफलता पर प्रसन्नता हासिल होती है । योग्य शिष्य को सदैव गुरू , माता, पिता की आज्ञा का पालन करना चाहिए। माता मंदिर के मुख्य पुजारी महाराज बालाराम महाराज गुरूदेव ने बच्चो को अनुशासन मे रहकर शिक्षा ग्रहण करने की सीख दी। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष चतर सिंह लोधी ने नवीन प्रवेश बच्चो का शाला मे अभिनंदन किया और रोज समय पर स्कूल आने की बात कही। जनशिक्षक अमित श्रीवास्तव व पंच रानू लोधी ने बच्चों से पढ़ाई और खेल साथ करते रहने की सलाह दी।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई मरीजों की जांच



**गंजबासौदा।** मील रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्व. नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से मंगलवार को नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वर्गीय दामोदर राव एवं स्व यमुना कुलकर्णी एवं उनके पुत्र स्व. उदय कुलकर्णी की पुण्य स्मृति पर सेवा दिवस के रूप में लगाया गया। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा ने 124 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए, 26 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क्रे लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 27 चश्मों का वितरण किया गया। 39 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं, 32 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए, वहीं अनेक मरीजों की बीपी और शुगर की जांच की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। इस मौके पर डॉ. ए के जैन, गणेशराम रघुवंशी, जगदीश अग्रवाल, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, हेमंत भंडारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## अतिथियों ने विद्यार्थियों का किया स्वागत

# शासकीय शालाओं में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम मडिया सेमरा के शासकीय माध्यमिक शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों को पुष्प भेंट कर अक्षत रोली लगाकर स्वागत किया गया। शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुंदर सिंह दांगी एवं रामकृष्ण पाल, पंचायत सचिव अनंत सिंह विश्वकर्मा ने स्कूली बच्चों को नवीन पाठ्य पुस्तके, बैग एवं पेन पेंसिल की किट उपहार स्वरूप भेंट की। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं शिक्षा मंत्री का संदेश का दृश्यश्व चित्र दिखाया गया। इस मौके पर शाला प्रभारी जितेंद्र यादव, रत्ना पांडेय, परसराम दुबे, रश्मि सकवार, प्रकाश अहिरवार सहित योगेंद्र चिड़ार, धन सिंह दांगी, वीरेंद्र अहिरवार एवं पालकगण उपस्थित थे।

उधर शासकीय प्राथमिक शाला उहर में शाला प्रभारी राजेंद्र सिंह दोहरे एवं स्टाफ द्वारा अतिथियों एवं नव प्रवेशी छात्र छात्राओं का फूलमाला एवं तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्कूल के ही पूर्व छात्र दीपक कुशवाह द्वारा नव प्रवेशी छात्रों को स्कूल बैग प्रदान किए गए। प्रवेश उत्सव के अवसर पर जनपद सदस्य प्रतिनिधि मिथुन चिड़ार, खुमान सिंह पाल, दीपक कुशवाह, राजेश कुशवाह और ग्रामीण तथा छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। आभार महेंद्र सिंह रघुवंशी द्वारा व्यक्त किया गया।

डिडौली में प्रवेश उत्सव में अतिथि के रूप जनपद अध्यक्षा नीतू देवेंद्र रघुवंशी, ग्राम सरपंच कारेलाल अहिरवार, पूर्व सरपंच हिम्मत सिंह, गोविंद सिंह, हजारी लाल पाटस्कर, सीएसी महेंद्र सिंह रघुवंशी, अमित श्रीवास्तव मौजूद रहे। शाला में नव प्रवेशी छात्र/छात्राओं को तिलक लगा कर फूल माला पहनाई गई एवं पुस्तकें और किट का वितरण किया गया। जनपद अध्यक्ष ने विद्यालय की प्रशंसा की एवं स्टाफ की लगन की सराहना की एवं बच्चों को नियमित विद्यालय आने और लगन पूर्वक पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। शाला प्रभारी भागवती रघुवंशी द्वारा विद्यालय की समस्याएं बताई गई जिनका निदान करने का अध्यक्ष ने अश्वासन दिया। इसके बाद ग्राम रैली निकाली गई।

# तेज बारिश के साथ गिरे ओले, फसलों को नुकसान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बुधवार शाम को मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जबकि गंजबासौदा से सटे हतोड़ा गांव में कुछ मिनिट ओलावृष्टि भी हुई। इस अप्रत्याशित मौसम बदलाव से किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा है। शाम करीब 5:30 बजे आसमान में काले घने बादल छा गए, जिसके बाद तेज हवाएं चलने लगीं और बारिश का दौर शुरू हो गया। नगर में केवल तेज बारिश हुई, लेकिन शहर से लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम हतोड़ा में ओले गिरे। किसानों के अनुसार पहले 10 मिनट बारिश हुई और फिर 15 मिनट तक ओले गिरते रहे, जिससे सड़कों पर ओलों की सफेद चादर बिछ गई।

हतोड़ा क्षेत्र में अधिकांश किसानों की फसल कटाई पूरी हो चुकी है, लेकिन जिन किसानों की गेहूं और चने की फसलें अभी भी खेतों में खड़ी हैं, उन्हें इस ओलावृष्टि से नुकसान हुआ है। कई किसान अभी भी फसल कटाई में लगे हुए हैं। पिछले कुछ दिनों से लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है, जिससे किसान परेशान हैं। सोमवार रात को भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई थी, जिससे कटाई कार्य बाधित हुआ था। बुधवार की बारिश और ओलावृष्टि से भी फसल कटाई प्रभावित हुई है और फसलों की गुणवत्ता पर असर पड़ने की आशंका है। इससे मंडी में उचित दाम मिलना मुश्किल हो सकता है, जिससे किसान आर्थिक रूप से परेशान हैं। उधर ग्राम स्यारी, ककरावदा, डाबर, नेगमा पिपरिया सहित आसपास के कई गांवों में शाम को आधे घंटे तक लगातार और फिर रह रहकर बारिश होती रही। खबर लिखे जाने तक भी गहरे बादल छाए हैं और तेज गरज चमक जारी है। ऐसे में रात में भी बारिश की संभावना बनी हुई है। उधर बारिश के बाद मौसम में ठंडक घुल गई। बारिश के कारण बिजली प्रदाय बंद कर दिया गया।

# प्याऊ का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड के सेक्टर त्योंदा में नवांकुर संस्था प्रबल सेवा एवं जनकल्याण समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत “जल मंदिर प्याऊ की स्थापना पेट्रोल पम्प के पास शिवनगर त्योंदा में की गई। जिसमें त्योंदा तहसील में अपने विभिन्न कार्यों के लिए ग्रामीणों का आना जाना लगा रहता है। वहीं गुफा मंदिर में इलाके भर से बड़ी संख्या आस पास कें ग्रामीण एंव शहरी क्षेत्रों के महिला एव पुरुष शिव भगवान के दर्शनों को श्रद्धालु आते जाते रहते हैं। प्रतिदिन लोगों को जल मंदिर प्याऊ पर पीने का पानी मिलेगा तथा जनसेवा का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत हुआ है। कार्यक्रम में शरद शर्मा द्वारा पूजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने बांके बिहारी वेयर हाउस भौंरा का किया औचक निरीक्षण

**सिरोंज।** कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देश पर समर्थन मूल्य पर उपार्जन कार्यों को सुचारू एवं पारदर्शी रूप से संचालित करने के उद्देश्य से एसडीएम हरिशंकर विश्वकर्मा ने बुधवार को बांके बिहारी वेयर हाउस भौंरा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपार्जन केंद्रों पर रख-रखाव, भंडारण व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, तौल प्रक्रिया तथा किसानों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया गया। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया कि उपार्जित गेहूं का सुरक्षित एवं वैज्ञानिक तरीके से भंडारण किया जा रहा है तथा कहीं भी किसी प्रकार की अनियमितता न हो। निरीक्षण के दौरान संबंधित वेयरहाउसों में पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि उपार्जन कार्य में पारदर्शिता बनाए रखें तथा किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने दें। साथ ही उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, तौल पर्ची वितरण एवं समय पर भुगतान सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। कलेक्टर श्री गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि उपार्जन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मॉनिटरिंग करने एवं किसानों को सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

### जनपद उपाध्यक्ष ने किया प्याऊ का शुभारंभ

**नटेरन।** जनपद पंचायत परिसर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्याऊ का जनपद उपाध्यक्ष नीलेश किरार ने शुभारंभ किया। श्री किरार ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जल का हमारे जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। जल के बिना किसी भी जीव का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि पुराने कुएं, बावड़ी एवं अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण हम सभी की जिम्मेदारी है। इस दौरान सरपंच कमल सिंह, बब्लू मीणा, राजेश अशोक मेहर, दीपक, भूरा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### अतिथियों ने छात्र और छात्राओं को किया पुस्तकों का वितरण

# सांदीपनी विद्यालय में आयोजित हुआ विकासखंड का प्रवेशोत्सव आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज





एक अप्रैल से प्रारंभ हुए नवीन शिक्षण सत्र को लेकर शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम मनाए गए। नगर के शासकीय सांदीपनी विद्यालय में विकासखंड स्तरीय प्रवेशउत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में आयोजित उत्सव में नवीन कक्षाओं में छात्रों के प्रवेश कराने के साथ शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष मनमोहन साहू ने मध्यप्रदेश की डॉ मोहन यादव सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों से छात्रों को अवगत करते हुए उनको उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह छोटे छोटे बच्चे ही आने वाले कल में भारत का भविष्य है। वही पार्षद रीना शर्मा ने शिक्षा के साथ छात्रों से गुणात्मक विकास करने की बात कहते हुए खेल कूद एवं रचनात्मक गतिविधियों भी बढ़चढकर हिस्सा लेने की बात कही। अनुविभागीय अधिकारी हरिशंकर विश्वकर्मा ने शासन की मंशा से अवगत कराते हुए शाला प्रबंधन एवं शिक्षकों से उत्कृष्ट रिजल्ट प्राप्त करने के लिए छात्रों से पढ़ाई में कड़ी मेहनत करने एवं अनुशासन का पालन करने की बात कही। प्राचार्य महेश ताम्रकार ने शासन द्वारा छात्रों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। छात्र एवं छात्राओं का मुख्य द्वार पर तिलक एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तत्पश्चात सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का संचालन शान मियां एवं आभार करन सिंह विश्वकर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद तोषमणी पंथी,संजय सोनी,सचिन शर्मा,विकासखंड शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र वर्मा,बीआरसी जितेंद्र श्रीवास्तव सहित समस्त विद्यालय स्टाफ एवं छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियो ने बच्चों को दिए टिप्स - प्रवेशोत्वस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता तोषमणी पंथी ने शिक्षा के क्षेत्र में आगें बढने के लिए बच्चो को टिप्स दिए। जिसमें उन्होने बच्चों से कहा कि शाला नियमित रूप से आए,अपने मन मैं एक थॉट लक्षय रखे,लक्ष्य को प्राप्त करने का पूरा प्रयास करे,नशा ना करें और पालकों को भी ना करने दे,मोबाइल का प्रयोग कम से कम करे, यदि कुछ जरूरी काम है तो तभी मोबाईल फोन को देखे। वही उन्होने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षा एक छात्र के जीवन में सबसे महत्वपूर्ण और अनिवार्य तत्वों में से एक है। यह छात्रों को जीवन में महत्वपूर्ण निर्णय लेते समय विश्लेषण करने में मदद करती है। एक छात्र के लिए शिक्षा आवश्यक है क्योंकि पर्याप्त शिक्षित होने के बाद, एक छात्र अपने लिए एक अच्छा करियर विकल्प चुनने में सक्षम होता है। ताकि वे शिक्षा की मदद से जीवन में सफल हो सकें। एक अच्छा करियर छात्रों को मानसिक संतुष्टि के साथ-साथ वित्तीय स्वतंत्रता और सहायता भी प्रदान करता है। छात्रों की शिक्षा उनके संचार कौशल को बेहतर बनाने में उनकी मदद करती है। उदाहरण के लिए, उनकी वाणी, शारीरिक भाषा और संचार प्रणाली में मौजूद कई अन्य तत्व। शिक्षा छात्रों को तेजी से तकनीकी विकास और परिवर्तन के इस युग में बेहतर तरीके से तकनीक का उपयोग करने में मदद करती है। उन्होने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं कि शिक्षा आज हर किसी के जीवन का मुख्य तत्व है। शिक्षा में वह मूल्य है जो लोगों को मूल्यवान और ज्ञान से भरपूर बनाने में मदद करती है। शिक्षा सभी के जीवन के विकास के लिए आवश्यक है।

इसका सभी के लिए समान रूप से समान महत्व है। सभी को सीखने का अधिकार है। शिक्षा के बिना, जीवन बहुत कठिन हो सकता है और जीवित रहना मुश्किल हो सकता है। शिक्षा सीखने की एक प्रक्रिया है जहाँ ज्ञान, कौशल और आदतें एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में जाती हैं। इसके अलावा, शिक्षा मनुष्य के समग्र विकास के लिए आवश्यक है। उदाहरण के लिए, उनका व्यक्तिगत, सामाजिक और साथ ही देश का आर्थिक विकास। अगर हम अपने दैनिक जीवन में शिक्षा के महत्व के बारे में बात करते हैं, तो हमें यह स्वीकार करना होगा कि यह हमारे व्यक्तिगत जीवन को बेहतर बनाता है और हानिकारक और अप्रत्याशित घटनाओं से खुद को सहित सभी की रक्षा करके समाज को सुचारू रूप से चलाने में मदद करता है।





# वाहन चेकिंग अभियान, 9 वाहनों से 1.05 लाख से अधिक शुल्क वसूला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

कलेक्टर अंशुल गुप्ता के निर्देशों के पालन में जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सिरोंज क्षेत्र में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान नियमों का उल्लंघन करते पाए गए वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई। जिला परिवहन अधिकारी गिरिजेश वर्मा के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान कुल 09 वाहन नियम विरुद्ध संचालित होते पाए गए, जिन पर चालानी कार्रवाई की गई। इनमें से 07 वाहनों से कुल 1,05,500 रुपए का शमन शुल्क वसूल किया गया, जबकि शेष 02 वाहनों को प्रकरण निराकरण तक जप्त कर पुलिस थाना सिरोंज में सुरक्षार्थ रखा गया है। अभियान के दौरान विशेष रूप से यात्री वाहनों एवं डंपरों की गहन जांच की गई। इसी क्रम में बिना परमिट संचालित हो रही एक बस के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 41,000 रुपए का शमन शुल्क वसूला गया। जिला परिवहन अधिकारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ ही निर्धारित नियमों का पालन करें।

**चालकों को नियम पालन करने की दी गई समझाइश**

### छींद धाम में भजन संध्या, श्रीहनुमान गढ़ी में सुंदरकांड पाठ

# नगर की शान श्रीहनुमान गढ़ी और सिद्ध हनुमान मंदिर छींदधाम में हजारों भक्तों की रहेगी उपस्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली





कलियुग में लोगों के कष्ट संकट दूर करने वाले भगवान श्रीराम के सेवक, वीर हनुमान जी का आज जन्मोत्सव सिद्ध हनुमान मंदिर छींद धाम, नगर के हनुमान गढ़ी प्राचीन स्थान, संकट मोचन हनुमान मंदिर सहित अन्य हनुमान मंदिरों में बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ हनुमान जयंती मनाई जाएगी, श्रीराम, हनुमान जी के भक्तों में भारी उत्साह बना हुआ है।

आज गुरुवार को सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र ही नहीं प्रदेश में ख्याति प्राप्त सिद्ध छींद वाले हनुमान जी के दरबार में प्रातः दर्शन करने, प्रसाद चढ़ाने हजारों हनुमान भक्तों की उपस्थिति रहेगी। भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करने वाले छींद वाले हनुमान दद्दा की ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है। प्रति शनिवार, मंगलवार को हनुमान भक्तों का मेला लगता है। सनातनी परिवार अब बच्चों का जन्मदिन भी छींद धाम में मनाते है इसी के साथ भंडारे भी श्रद्धालुओं द्वारा आयोजित किए जाते है।

हनुमान जयंती के पावन पर्व पर आज गुरुवार की शाम 5 बजे से छींद दरबार प्रांगण में भजन संध्या का आयोजन प्रारंभ होगा। जिसमें गायक कलाकार विध्याराज शौम्या शर्मा एवं कृष्ण नागवंशी पार्टी द्वारा धार्मिक भजनों की संगीतमयी प्रस्तुतियां दी जाएगी। छींद धाम सेवक कृष्ण कुमार रघुवंशी, हेमन्त रघुवंशी, सोनू भैया, मोहन रघुवंशी ने सभी हनुमान भक्तों से हनुमान जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में पधारने की अपील की है। 20 वर्षो पूर्व तक नगर के निकट घोघरा नदी किनारे हनुमान जी महाराज की एक छोटी सी मढिय़ा थी। बिदुआ परिवार द्वारा लाखो की राशि खर्च डेढ़ दशक में राजस्थान के लाल पत्थरों से तीन मंजिला विशाल भव्य हनुमान गढ़ी मंदिर का निर्माण कराया गया जो अब नगर की शान बन गया है। हनुमान जी के साथ अब श्रीराम दरबार भी विराजमान है।

आज हनुमान जयंती पर प्रातः से कार्यक्रमों के साथ संगीतमयी सुन्दर कांड पाट, प्रसादी वितरण के कार्यक्रम रखे गए है।

### श्री हनुमान जी की झांकी के साथ निकलेगी शोभायात्रा

**बरेली।** आज संकट मोचन हनुमान जी महाराज के प्रगटोत्सव के पावन पर्व पर विहिप, बजरंग दल एवं हिन्दु संगठनों द्वारा हनुमान जी की झांकी के साथ नगर के प्रमुख मार्गों पर शोभायात्रा निकाली जाएगी। राम लीला मैदान स्थित श्रीराम दरबार मंदिर से शोभायात्रा प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण कर नगर के प्राचीन हनुमान गढ़ी मंदिर पर समापन होगा। नगर की परंपरानुसार शोभायात्रा का स्थान-स्थान पर पूजन स्वागत श्रद्धालुओं एवं संस्थाओं द्वारा किया जाएगा। सभी श्रीराम एवं हनुमान जी के भक्तों से शोभायात्रा में सम्मिलित होने की अपील की है।

# अप्रैल के पहले दिन बिगड़ा मौसम आसमान में घने बादलों का डेरा

### खेतों में खड़ी फसलों पर आसमानी आफत के बादल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



सम्पूर्ण क्षेत्र में गेंहू की कटाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। अप्रैल माह के पहले दिन बुधवार को दोपहर बाद अचानक बिगड़े और बदले मौसम और आसमानी हरकतें बदलने से खेतों में खड़ी और घर आंगन में कट कर रखी गेंहू की फसलों पर आसमानी आफत के बादल मंडरा गए है। क्षेत्र में अभी 40-50 प्रतिशत गेंहू की फसलें खेतों में कटाई के इन्तजार में खड़ी हुई है।

पिछले माह मार्च में अनेक बार मौसम बदला, होली रंगपंचमी के बाद क्षेत्र में गेंहू कटाई का कार्य शुरु हुआ जो अभी भी जारी है। जिन किसानों की गेंहू फसल कट गई, घरों, आंगन और कहीं-कहीं खलिहानों में ढेर लगें हुए है। जिन किसानों की फसलें खेतों में खड़ी है उनकी शीघ्र कटाई का प्रयास किसानों द्वारा हारवेस्टरों का उपयोग कर किया जा रहा है। तीन दिनों पूर्व भी मौसम खराब हुआ था परन्तु किसान आसमानी आफत के प्रकोप नुकसान से बच गए थे।

#### फिर आसमानी संकट

सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में गेंहू कटाई का अंतिम दौर चल रहा है। एक बार फिर खेतों में खड़ी फसलों पर आसमानी आफत के बादल छा जाने का संकट बन रहा है। बदले मौसम के कारण यदि तेज हवाएं आंधी चलती है तो फसलें आड़ी होने से कटाई के दौरान नुकसान होगा। यदि बारिश या बूंदाबांदी होती है तो सूखी फसलें भींजने से गेंहू के दानों का रंग प्रभावित होगा। क्षेत्र के हजारों किसानों की नजरें आसमानी हलचल पर टिकी होने के साथ गेंहू कटाई पर जोर दिया जा रहा है।

### किसानों की समस्याओं का सौंपा ज्ञापन

**ग्यारसपुर।** भारतीय किसान संघ की तहसील इकाई ग्यारसपुर, जिला विदिशा ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम शशि मिश्रा को सौंपा। संघ पदाधिकारियों ने फसल विक्रय, ऋण अदायगी और बिजली कटौती जैसी समस्याओं का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि तुलाई केंद्र समय पर प्रारंभ नहीं होने से किसानों को गेहूं बेचने में कठिनाई हो रही है, जिससे आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। संघ ने मांग की कि ग्यारसपुर में प्राथमिक सहकारी समितियों पर गेहूं तुलाई केंद्र शीघ्र शुरू किए जाएं तथा चना और मसूर की तुलाई के लिए ग्यारसपुर व हैदरगढ़ में अलग-अलग केंद्र खोले जाएं। साथ ही ऋण वसूली की अंतिम तिथि 30 अप्रैल तक बढ़ाने और बिजली बिलों में राहत देने की मांग भी रखी गई। तहसील अध्यक्ष राजेश यादव सहित कई किसान उपस्थित रहे।

**In The Court Of II Additional District Judge, District Court, Vidisha**

**Presiding Officer: कंचन सक्सेना**
**(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )**
(RCA/0000021/2026)
हल्कूसिंह ................................ वादी
vs
स्टेट गवर्मेंट ....................... प्रतिवादी
Process Id-/2026
प्रेषिती- पेशी दिनांक: 15/05/2026
(1) सर्वसाधारण
2- आम जनता विदिशा म.प्र.

यह कि प्रार्थी हल्कूसिंह पुत्र स्व. नाथूराम बघेल निवासी ग्राम वामनखेडा तहसील व जिला विदिशा म प्र ने आपके विरूद्ध यह आरसीए भूमि सर्वे क्र. 87 रकवा 2.299 हेक्टेयर भूमि स्वामी स्व. बारेलाल मैना पुत्र श्री नंदराम के स्वामित्व की भूमि को वसीयतनामा दिनांक 02.05.1987 के आधार पर स्वयं को स्वामी व आधिपत्यधारी घोषित किया जाकर अपना नाम राजस्व दस्तावेजों में नामांतरण कराने के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का : उत्तर-दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 26 March 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**कंचन सक्सेना**
**द्वितीय जिला न्यायाधीश**
**विदिशा (म.प्र.)**

# भारतीय किसान संघ ने केंद्रीय मंत्री चौहान को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली


भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में क्षेत्र की पूसा वासमती धान को जीआई टैग की मान्यता एवं समर्थन मूल्य पर मूंग की खरीद की मांग की गई। दशकों से पैदा होने वाली पूसा वासमती धान को जीआई टैग दिए जाने की मांग बनीहै। क्षेत्र में प्रतिवर्ष लाखों क्विंटल बासमती धान का उत्पादन किया जाता है। प्रदेश के बाहर से आए व्यापारियों एवं चावल निर्माता कंपनियों द्वारा वासमती धान की खरीद कर लाभ कमाए जाने की परंपरा बनी हुई है। यदि क्षेत्र में पैदा होने वाली पूसा वासमती धान को जीआई टैग मिलता है।

### खरीद की समय सीमा बढ़ी तो किसानों की बढ़ेगी समस्याएं

# समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीद 10 दिन बाद शुरू होगी

### 10 दिनों में बारदाने की व्यवस्था के साथ केंद्र पर हो पाएगी हजारों कु. तौल

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली



पिछले 3-4 दिनों से मौसम बदलने के साथ आसमान में घने बादलों का डेरा बना हुआ है। समर्थन मूल्य पर एक अप्रैल से गेंहू की खरीद शुरु होना थी। अब गेंहू की खरीद 10 दिनों बाद 10 अप्रैल से शुरु होगी। सरकार ने गेंहू की खरीद की समय सीमा तो बढ़ा दी, इसी के साथ किसानों की समस्याएं भी बढ़ा दी है। सम्पूर्ण नर्मदा क्षेत्र में गेंहू की कटाई का कार्य जोरशोर से चल रहा है। अगले 10 दिनों में गेंहू की कटाई समाप्त हो जाएगी।

**गेंहू की कैसे होगी सुरक्षा :** पहले हल बखर से खेती हुआ करती थी। किसानों के पास छोटे-बड़े खलिहान हुआ करते थे। खेती में मशीनीकरण बढ़ जाने से अब खलिहान समाप्त हो गए। एसी स्थिति में गेंहू की कटाई के बाद बार-बार बदल रहे मौसम, आसमानी आफत की संभावना के बीच गेंहू को सुरक्षित रखना किसानों के लिए जोखिम और चौनोती पूर्ण कार्य होगा।

गेंहू समर्थन मूल्य पर बैचने, तौलने स्लाट बुकिंग जरूरी है। जिसमें समय लगने के साथ तकनीकि बाधाएं आती है। जब सभी किसानों का गेंहू कट जाएगा तो प्रत्येक किसान स्लाट बुक कर उसे शीघ्र केन्द्रो पर तौलने का प्रयास करेगा जिससे खरीदी केन्द्रो पर गेंहू के ढेर लगने के साथ किसानों की भीड़ रहेगी। जितनी मात्रा में गेंहू की खरीद होना है उस मात्रा में बारदाने की व्यवस्था के साथ हम्मालों और गोदामों पर भण्डारण की व्यवस्था हो पाएगी। आने वाले दिनों में क्षेत्र के हजारों किसान और खरीदी केन्द्र वाली सहकारी संस्थाएं हैरान-परेशान बने रहने के साथ अव्यवस्थाओं से जूझना पड़ सकता है।

#### विवाहों का भी सीज़न

15 अप्रैल के बाद विवाहों का सीज़न शुरु हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों द्वारा विवाह तय कर लिए गए है। उनकी उपज बिके और धन राशि प्राप्त होने पर ही विवाह कार्यक्रम ठीक तरह से हो पाएगें। जब 10 अप्रैल से गेंहू की खरीद तौल प्रारंभ होगी तो खातों में राशि कब आएगी। इस बीच किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गेंहू की तौल के स्थान पर कम दामों पर व्यापारियों को गेंहू बैचना मजबूरी बन सकता है।

खबर संक्षेप

## तेज बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को नुकसान



**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले दीवानगंज क्षेत्र में बुधवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली और करीब आधे घंटे तक तेज बारिश हुई। बारिश के साथ चली तेज हवाओं ने किसानों की चिंता बढ़ा दी। वहीं नीनोद गांव में देर शाम हुई ओलावृष्टि ने हालात और खराब कर दिए। ग्रामीणों के अनुसार, नीनोद गांव में गिरे ओलों ने खेतों में खड़ी गेहूं, चना और सरसों की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। कई किसानों की फसलें पूरी तरह से बिछ गईं, जिससे उत्पादन पर बड़ा असर पड़ने की आशंका है। किसानों का कहना है कि फसल कटाई के समय पर हुई इस प्राकृतिक आपदा ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। किसानों ने प्रशासन से तत्काल नुकसान का सर्वे कराने और उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है। उनका कहना है कि अगर जल्द राहत नहीं मिली तो उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में मौसम के इस बदले मिजाज से किसान काफी चिंतित हैं और आगे भी मौसम खराब रहने की आशंका जताई जा रही है।

## अग्निवीर भर्ती के लिए 10 अप्रैल तक आवेदन

**रायसेन।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल से प्राप्त जानकारी अनुसार भारतीय सेना में अग्निवीर पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की गई है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि 1 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दी गई है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी।

## नरखेड़ा में स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम नरखेड़ा मैं सोमवार को वेल स्वास्थ्य परियोजना के अंतर्गत वेलस्पन फाउंडेशन के द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर सुबह 10:30 बजे से लेकर 3 बजे तक लगा। जिसमें पंचायत भवन नरखेडा में शिविर लगाकर ग्राम के लोगो को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई। शिविर में 119 लोगो का परिक्षण किया गया। जिनमें से 13 लोगों को आंख के आपरेशन के लिए रैफर किया। 30 लोगों को चश्मे के नम्बर दिए गए।

---

### रायसेन की दो और सांची की एक फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने में की मदद

# हाईटेंशन लाइन से उठी चिंगारी ने 50 एकड़ में खड़ी फसल को किया स्वाहा

### किसान को लगा आगजनी का सदमा, गंभीर हालत में रेफर

### मौके पर पहुंचे विधायक व कलेक्टर ने किया निरीक्षण

### दर्जनों ट्रैक्टरों और ग्रामीणों ने बमुश्किल आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को एक बार फिर लापरवाही और प्राकृतिक हालात के बीच किसानों की मेहनत आग की भेंट चढ़ गई। दोपहर के समय 11 केवीए हाईटेंशन बिजली लाइन से निकली चिंगारी ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में भीषण आग लगा दी। इस हादसे में करीब 8 किसानों की खेतों में खड़ी 50 एकड़ से भी अधिक गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। खेतों में आग की लपटें और धुएं का गुबार इतनी तेजी से फैल रहा था कि किसानों और ग्रामीणों के हाथ-पांव फूल गए।

आगजनी में प्रभावित किसान दीवान सिंह, अवतार सिंह, बदन सिंह, सुरेंद्र पटेल, रामबाबू पटेल, बहादुर सिंह, संदीप ठाकुर, अतर ठाकुर, गोलू ठाकुर, संजू ठाकुर और ओंकार सिंह आदि ने बताया कि 11 केवी हाईटेंशन लाइन में अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ, पहले एक खेत में आग लगी, लेकिन कुछ ही देर में आसपास के खेतों को भी अपनी चपेट में ले लिया।

#### ट्रैक्टर और ग्रामीणों की मेहनत आई काम

आग की सूचना मिलते ही आसपास के गांवों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। दर्जनों ट्रैक्टर, पानी की टंकियां और खेती के औजार लेकर ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने आग को काबू किया।





#### रायसेन और सांची से पहुंचीं फायर ब्रिगेड

आगजनी की सूचना मिलते ही सांची से दो और रायसेन से एक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची। दमकलकर्मियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम किया। काफी प्रयासों के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड के पहुंचने तक ग्रामीण अपने स्तर पर आग रोकने की कोशिश कर रहे थे।

### आगजनी से पीड़ित किसानों से खुद जाकर मिले कलेक्टर, हरसंभव सहायता का दिया आश्वासन



आगजनी की घटना की सूचना पर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने ग्राम आमा और खनपुरा पहुंचकर किसानों चर्चा कर और प्रभावित खेतों का निरीक्षण किया। बताया जा रहा है कि इस आगजनी की घटना में लगभग 8 से 10 किसानों की खेतों में खड़ी लाखों की गेहूं की फसल जलकर स्वाहा हो गई।। कलेक्टर ने घटनास्थल पर मौजूद राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित किसानों के नुकसान का तत्काल सर्वे कराया जाए और शासन स्तर पर उपलब्ध सहायता के प्रावधानों के तहत राहत दिलाने की कार्रवाई शीघ्र पूरी की जाए। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा और किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि नुकसान का सही आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी, ताकि पीड़ित किसानों को राहत मिल सके।घटना के बाद गांव में भारी संख्या में ग्रामीण और किसान मौजूद रहे। प्रशासनिक अमले ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

#### पीड़ित किसानों से मिले विधायक डॉ चौधरी और भाजपा जिलाध्यक्ष

ग्राम आमा व खनपुरा में हुई फसलों में आगजनी की घटना की सूचना मिलते ही विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी एवं भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित किसानों से मिलकर उन्हें हर संभव आर्थिक मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर मौजूद एसडीम मनीष शर्मा, तहसीलदार भरत सिंह मंडले, आरआई, पटवारी आदि अधिकारियों को शीघ्र सर्वे कर सहायता राशि उपलब्ध कराने के लिए कहा गया।

सूचना मिलते ही रायसेन और सांची की फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई ओर आग बुझाने की कोशिश की गई परंतु तब तक कई किसानों के खेतों की गेहूं फसल जल चुकी थी। आगजनी से निपटने के लिए कई किसानों ने खेतो में चलाएं ट्रैक्टर ताकि आग को आगे बढ़ने से रोका जा सके, कई खेतों को जलाकर आग ने लिया विकराल रूप ले लिया था। गांव के पीड़ित किसानों किसानों ने बिजली विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए किसानों ने कहा की बिजली विभाग के अधिकारियों से बिजली बंद करने का अनुरोध किया था। इसके बावजूद भी बिजली नहीं की गई बंद, बिजली के तारों से शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग लगना बताया गया है।

---

## बिना मांग के खरीदे दो करोड़ के फर्नीचर, क्लर्क निलंबित

**रायसेन।** जिले के ब्लॉक सिलवानी में सरकारी विद्यालयों के लिए बिना मांग के लगभग 2 करोड़ रुपए की लागत से कॉन्फ्रेंस हॉल फर्नीचर खरीदी और उपलब्ध कराने का मामला सामने आया है। मामले की प्रारंभिक जांच में गंभीर अनियमितताएं उजागर होने के बाद संबंधित कर्मचारी पर कार्रवाई की गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बीईओ कार्यालय सिलवानी में पदस्थ सहायक ग्रेड-3 शिवम श्रीवास्तव पर आरोप है कि उन्होंने विद्यालयों के प्राचार्यों को कार्यालय बुलाकर अपने स्तर पर कार्य आदेश तैयार कराए। जांच पड़ताल में यह भी सच सामने आया कि इस प्रक्रिया में सक्षम प्राधिकारी से आवश्यक स्वीकृति नहीं ली गई। और निर्धारित शासकीय नियमों का पालन भी नहीं किया गया।

प्रारंभिक जांच रिपोर्ट में बिना अनुमति सामग्री क्रय एवं वितरण प्रक्रिया को अनाधिकृत माना गया है। प्रथम दृष्टया दोषी पाए जाने पर संबंधित कर्मचारी शिवम श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है।

## तीन दिवसीय वैदिक वार्षिकोत्सव का महाकुंभ कल से प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

वेद प्रचार आर्य समाज बाड़ी के तत्वावधान में आगामी 3 अप्रैल से तीन दिवसीय विशाल 'वैदिक वार्षिकोत्सव' का भव्य आगाज होने जा रहा है। आर्य समाज के आधार स्तंभ रहे पूर्वजों की पावन स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम की रूपरेखा समिति द्वारा तैयार कर ली गई है। इस महोत्सव में देश के ख्यातिलब्ध विद्वान और भजनोपदेशक शिरकत करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रुतिपति (आर्य गुरुकुल, नर्मदापुरम) प्रकाश आर्य, अतुल वर्मा, जानकी मोहन, धर्मेंद्र कौशल, वेद प्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र तिवारी एवं भैरू सिंह अपने ओजस्वी प्रवचनों और भजनों से उपस्थित जनसमूह को वेदों के ज्ञान से लाभान्वित करेंगे। आर्य समाज बाड़ी के प्रेरणास्त्रोत और नगर में संगठन की नींव रखने वाले दिवंगत विभूतियों स्व. गौरीशंकर कौशल, स्व. दलबीर राघव, स्व. बाबूलाल तिवारी, स्व. रामेश्वरदयाल बैरागी, स्व. नत्थीलाल व्यास, स्व. दीनदयाल आर्य, स्व. जानकी प्रसाद टैगोर, स्व. छोटेलाल नामदेव एवं स्व. सत्य प्रकाश तिवारी की स्मृति में यह आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम 3 से 5 अप्रैल तक प्रतिदिन विभिन सत्र आयोजित होंगे।

---

### परशुराम जी प्रतिमा की होगी प्राण-प्रतिष्ठा

## श्रीराम जानकी बड़ा मंदिर में ब्राह्मण समाज की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर के श्रीराम जानकी बड़ा मंदिर में ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा का निर्णय लिया गया। बैठक में कार्यक्रम की भव्यता को लेकर 3 दिवसीय रूपरेखा तैयार की गई है।

तय रूपरेखा के अनुसार, प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम 18 अप्रैल से प्रारंभ होगा और 20 अप्रैल तक निरंतर चलेगा। इन 3 दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बैठक में समाज के विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर भी चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं ने समाज की एकता और संगठन की मजबूती पर बल दिया। बैठक में ब्राह्मण समाज के सक्रिय सदस्य सम्मिलित हुए और कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

## दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर हादसों को रोकने किया निर्देशित

### कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बुधवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने किए जा रहीं गतिविधियों की समीक्षा की।

कलेक्टर तथा एसपी आशुतोष गुप्ता द्वारा विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन अनुसार की गई कार्रवाई और दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को रोकने किए जा रहे कार्यो की भी जानकारी लेते हुए जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने जिले में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने निर्देश दिए। साथ ही




यात्री वाहनों और स्कूल बस की जांच करने तथा नियमानुसार सुरक्षा मापदंडों का पालन के निर्देश दिए।

उन्होंने स्कूल, अस्पताल सहित अन्य स्थलों के समीप सड़कों पर कैट आई, संकेतक चिंह या साइन बोर्ड, रैलिंग लगाने के भी निर्देश दिए। बैठक में स्कूल-कॉलजों तथा सार्वजनिक जगहों पर भी यातायात नियमों तथा सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता गतिविधियां करने पर भी चर्चा की गई।

बैठक में कलेक्टर और एसपी ने हिट एंड रन के प्रकरणों की समीक्षा करते हुए सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने तथा गंभीर रूप से घायलों के प्रकरणों पर चर्चा करते हुए सहायता राशि स्वीकृत की गई।

## विधायक ने नवप्रवेशित बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

नए शिक्षण सत्र वर्ष 2026-27 के तहत शहर के शासकीय उत्कृष्ट स्कूल में स्कूल चलें हम अभियान अंतर्गत प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी ने शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और उन्हें पाठ्यपुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि हर बच्चा शिक्षित हो, आगे बढ़े और राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए। इसके लिए शासन द्वारा बच्चों की स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं।

इस अवसर पर नपाध्यक्ष सविता सेन, अपर कलेक्टर मनोज उपाध्याय, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, डीईओ डीडी रजक सहित अन्य उपस्थित रहे।

---

### जिलेभर के श्रीहनुमान मंदिर सजकर तैयार, उमड़ेगी भक्तों की भीड़

# आज धूमधाम से मनाया जाएगा हनुमान जी का प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिला मुख्यालय सहित जिले भर में आज गुरुवार को माता अंजनी के लाल श्री हनुमान जी का प्रकटोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। प्रकटोत्सव को लेकर मंदिरों में विशेष तैयारियां की गई है। श्रीहनुमान मंदिरों पर रंग बिरंगी रोशनी के साथ फूल मालाओं से सजाया गया है। वहीं महा आरती के आयोजन को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया है। वहीं अशोक नगर से पाटनदेव स्थित श्रीहनुमान मंदिर तक मारूती नंदन की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी।

नगर के गंजबाजार हनुमान मंदिर, पाटनदेव श्री हनुमान मंदिर, बावड़ीपुरा श्री हनुमान मंदिर, गोपालपुर श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर, श्री हनुमान मंदिर चोपड़ा, बड़ा मंदिर, रामपुर श्री हनुमान मंदिर सहित सभी श्रीहनुमान मंदिरों पर जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां की गई है।



#### मंदिरों में सजावट और रामायण पाठ शुरू

**दीवानगंज।** श्री हनुमान जयंती पर क्षेत्र में श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। जगह-जगह मंडलियों द्वारा तैयारियां की जा रही हैं। विशेष रूप से खेड़ापति हनुमान माता मंदिर, इच्छापूर्ति हनुमान मंदिर दीवानगंज, डोला घाट हनुमान मंदिर और कुल्हड़िया के रेंज हनुमान मंदिर, श्री गणेश चौक मंदिर, अयोध्या धाम मंदिर अंबाडी, गायत्री मंदिर, रेलवे स्टेशन दीवानगंज हनुमान मंदिर सेमरा सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला शुरू हो गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मंदिरों में पहुंचकर भगवान हनुमान के दर्शन कर रहे हैं।

#### श्रीहनुमान जयंती आज, निकलेगा चल समारोह

**सिलवानी।** नगर में गुरुवार को भव्य रूप में श्रीहनुमान जयंती मनाई जाएगी, जिसे लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां की जा चुकी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त श्रीहनुमान जी महाराज का जन्मोत्सव उत्साह व श्रद्धा पूर्वक मनाया जाएगा। हिंदू संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रम के तहत शाम के समय प्राचीन श्रीराम मंदिर जमनियापुरा से भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जो नगर के मुख्य मार्गो से होता हुआ बजरंग चौराहा पहुंचेगा। तत्पश्चात चल समारोह हाई स्कूल मैदान पर पहुंच कर समाप्त होगा। यहां पर व्यायाम शाला के युवाओं द्वारा अनेक कसरती करतब दिखाए जाएगें। इसके अतिरिक्त यहां पर एक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। जिसे विहिप के मध्य भारत प्रांत सह धर्म प्रसार प्रमुख सुशील सुड़ेले मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेगें।

## स्कूल चलें हम अभियान का शुभारंभ 4 अप्रैल तक चलेंगे विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूल चले हम अभियान 2026-27 का बुधवार को जनप्रतिनिधियों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ किया। यह अभियान 4 अप्रैल तक निरंतर संचालित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने और उनके सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी।

ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद अध्यक्ष रेशु विभोर नायक एवं पूर्व ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पीएस जैन उपस्थित रहे। वहीं अतिथि के रूप में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजय मस्ताना, भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, मिलन जैन, युवा समाजसेवी पुनीत समैया एवं समाजसेवी गजेंद्र गुप्ता मंचासीन रहे। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों की भी उपस्थिति रही।

#### छात्राओं को सम्मान, सुविधाओं का वितरण



कार्यक्रम की शुरुआत में छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नप अध्यक्ष रेशु विभोर नायक, बीईओ रूपेंद्र ठाकुर, पूर्व बीईओ पीएस जैन, संजय मस्ताना, श्याम साहू, प्रदीप कुशवाह, पुनीत समैया सहित अन्य वक्ताओं ने शिक्षा के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे व्यक्ति अपने जीवन को सफल बना सकता है।